राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाओं में समस्याओं का समाधान

चर्चा में क्यों?

एक आधिकारिक बयान में **उत्तर प्रदेश** के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने **केंद्र को राज्य में राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाओं के क्रियान्वयन में किसी भी समस्या** का समय पर **समाधान करने का आश्वासन** दिया।

मुख्य बिंदु

- उत्तर प्रदेश में राष्ट्रीय राजमार्गों के विस्तार के लिये **विभागीय भूमि निशुल्क उपलब्ध** कराई जाएगी।
  - भूमि अधिग्रहण एवं मुआवज़ा वितरण की प्रक्रिया निर्धारित समय में पूरी कर ली जाएगी।
- मुख्यमंत्री ने वर्ष 2025 में आयोजित होने वाले **महाकुंभ** से संबंधित परियोजनाओं को पूर्ण करने की आवश्यकता पर भी बल दिया।

महा कुंभ

- कुंभ मेला **संयुक्त राष्ट्र शैक्षिक, वैज्ञानिक और सांस्कृतिक संगठन (मानवता की अमूर्त सांस्कृतिक विरासत की UNESCO प्रतिनिधि सूची)** के अंतर्गत आता है।
- यह पृथ्वी पर तीर्थयात्रियों का सबसे बड़ा शांतिपूर्ण समागम है, जिसके दौरान प्रतिभागी पवित्र नदी में स्नान करते हैं या डुबकी लगाते हैं।
  - यह **नासिक में गोदावरी नदी, उज्जैन में शिप्रा नदी,** हरिद्वार में गंगा और **प्रयागराज में गंगा, यमुना** तथा पौराणिक **सरस्वती नदी** के संगम पर होता है। इस को 'संगम' कहा जाता है।
- चूँकि यह भारत के चार अलग-अलग शहरों में आयोजित किया जाता है, इसमें विभिन्न सामाजिक और सांस्कृतिक गतिविधियाँ शामिल होती हैं, जिससे यह **सांस्कृतिक रूप से विविधितापूर्ण** त्योहार बन जाता है।एक **महीने से अधिक समय तक चलने वाले इस मेले** में एक विशाल तंबूनुमा बस्ती का निर्माण किया जाता है, जिसमें झोपड़ियाँ, मंच, नागरिक सुविधाएँ, प्रशासनिक और सुरक्षा उपाय शामिल होते हैं।
  - इसका आयोजन सरकार, स्थानीय प्राधिकारियों और पुलिस द्वारा
  - अत्यंत कुशलतापूर्वक किया जाता है।
- यह मेला विशेष रूप से वनों, पहाड़ों और गुफाओं के सुदूर स्थानों से आये **धार्मिक तपस्वियों की असाधारण उपस्थिति के लिये प्रसिद्ध** है।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/resolution-of-issues-in-nh-projects